प्रतियोगिता | शालेय जूडो स्पर्धा के पहले दिन बेटियों का दबदबा, स्पर्धा में 275 खिलाड़ी ले रहे भाग

इर्तिका, अनिका और अफशीन ने हासिल की जीत

जबलपुर नवभारत। जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर के मार्गदर्शन एवं नर्मदा नर्सरी तथा वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमानताल के संयोजन में जिला स्तरीय शालेय बालक एवं बालिका (14, 17 एवं 19 वर्ष) जूडो प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इसमें शहर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के लगभग 275 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नवनीत महेश्वरी संचालक, नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं नर्मदा शिक्षण महाविद्यालय उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनीता महेश्वरी संचालक, नर्मदा ग्रुप, प्रभाव महेश्वरी सह-संचालक एवं विभव महेश्वरी सह-संचालक उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

दस्तावेजों की जांच के बाद मिला खिलाड़ियों को प्रवेश

प्रतियोगिता के पहले दिन सुबह से ही विभिन्न संकुलों और विद्यालयों से आए खिलाड़ियों, कोचों और खेल प्रभारियों की भारी भीड़ जमा रही। प्रतिभागियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, पिछले 3 वर्षों की अंकसूची, समग्र आईडी, बैंक पासबुक और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ जैसे आवश्यक दस्तावेजों का गहनता से सत्यापन किया गया। संस्था के प्राचार्यों द्वारा सत्यापित प्रतियों की जांच के बाद ही खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में प्रवेश की पात्रता दी गई।

पहले दिन के मुख्य परिणाम

बालिका वर्ग 14 वर्ष के -23 किग्रा में आकांक्षा रजक, -27 किग्रा में महिमा कोरी, -32 किग्रा में इर्तिका कशफ़, -36 किग्रा में जोबिया फातिमा, -40 किग्रा में वैष्णवी शुक्ला, -44 किग्रा में सौम्या पटेल, +44 किग्रा में अर्पिता मेहरा आदि विजेता रहीं। बालिका वर्ग 17 वर्ष के -36 किग्रा में अन्वी लोधी, -40 किग्रा में अनिका चौरसिया, -44 किग्रा में अफ़शीन फातिमा, -48 किग्रा में जानवी गौर, -52 किग्रा में आयशा शाह, -63 किग्रा में सोमिया सिद्दीकी, -70 किग्रा में कीर्ति अहिरवार, +70 किग्रा में खुशी यादवविजेता रहीं।

धानी व नव्या बनीं विजेता

बालिका वर्ग 19 वर्ष के -36 किग्रा में धानी बर्मन, -40 किग्रा में नव्या अग्रवाल, -44 किग्रा में जिया गौर, -48 किग्रा में नेमत अंजुम, -52 किग्रा में समायरा शाह, -57 किग्रा कुलसुम शाह, -63 किग्रा में सपना चौधरी, -70 किग्रा में सिमरन बर्मन, +70 किग्रा में कोशिका यादव विजेता रहीं।

इनका रहा योगदान

प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक के रूप में माधुरी शर्मा एवं प्रियंका खरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं, मैचों को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने में निर्णायक (रेफरी) के रूप में एडवोकेट अताउर्रहमान अंसारी, ज्ञान भूषण दुबे, तावेज अली, नौशीन अंजुम, सारका अंजुम और ताजवर अंजुम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आज होंगे बालक वर्ग के मुकाबले

वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान के तकनीकी निर्देशन में रेफरी पैनल ने खिलाड़ियों के वजन (वेट केटेगरी) की प्रक्रिया पूरी कराई, जिसके तुरंत बाद विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले शुरू हुए। वरिष्ठ कोच खान ने बताया कि आज पहले दिन बालिका वर्ग (14, 17 एवं 19 वर्ष) की प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं, वहीं कल 17 जुलाई कसे बालक वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

वीर बाजी प्रभु की स्मृति में कल होगी पावनखिंड दौड़

▶ सिविक सेंटर से मदन महल तक वीरता और साहस की भावना के साथ दौड़ेंगे प्रतिभागी

नवभारत, जबलपुर। महाराष्ट्र शिक्षण मंडल और क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में वीरता, साहस, देशभक्ति एवं युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से सिविक सेंटर वंदेमातरम चौक से मदन महल थाने के पास शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल तक पावनखिंड दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। कल 18 जुलाई को सुबह 8:30 बजे शुरू होने वाली इस दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। यह दौड़ सिविक सेंटर से प्रारंभ होकर चौपाटी, नगर निगम चौक और ब्लूम चौक होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेगी, जिसका मुख्य उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के वीर सेनानायक बाजी प्रभु देशपांडे के अद्वितीय शौर्य और बलिदान से नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। इसके माध्यम से युवाओं में शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, सामाजिक एकता और राष्ट्रसेवा की भावना को बढ़ावा दिया जाएगा।

आयोजन समिति ने नागरिकों से की शामिल होने की अपील

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी समितियां निरंतर कार्यरत हैं। आयोजन समिति के डॉ. जीतेन्द्र जामदार, प्रमोद पाठक, भीष्म सिंह राजपूत, अनंत डिके, प्रकाश बिसपुते, उमाशंकर पटेल, मनोज सिंह ठाकुर, विनोद पोद्दार, विवेक रंजन शुक्ला, सुभाष मांझी, राकेश श्रीवास, शशि रमन, संजय सिंह, मुकेश प्रजापति, अजय नामदेव, शुभांगी पाचौरी, प्रीती त्रिपाठी और श्वेता सिंह ठाकुर ने एकजुट होकर जनता का आह्वान किया है। समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं और खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में इस दौड़ में भाग लेने की अपील की है।

वीर सेनानायक बाजी प्रभु देशपांडे का ऐतिहासिक बलिदान

इस दौरान बताया गया कि बाजी प्रभु देशपांडे शिवाजी महाराज के साथ पन्हाला किले पर रक्षा अधिकारी थे, जिसे आदिलशाही के सरदार सिद्दी जौहर ने चार महीने तक घेराबंदी में रखा था। स्वराज स्थापना के लिए शिवाजी महाराज का वहां से सुरक्षित निकलना आवश्यक था। इस विकट परिस्थिति में बाजी प्रभु ने 600 सैनिकों के साथ 66 किलोमीटर दूर विशालगढ़ जाने की योजना बनाई और 13 जुलाई 1660 की रात बरसते पानी में दुर्गम रास्तों से निकल पड़े। पीछा कर रही सुल्तान की सेना को बीच रास्ते घौड़ खिंड (बाद में पावनखिंड) में रोकने का ऐतिहासिक कार्य बाजी प्रभु देशपांडे ने किया था। आयोजकों का मानना है कि पावनखिंड केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और संस्कारों से जुड़ने का सशक्त माध्यम है।

सेंट जेवियर्स स्कूल फुटसल चैंपियनशिप में दिखा युवा खिलाड़ियों का दम

नवभारत, जबलपुर। सेंट ज़ेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर ने रायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रायन गोल्डन जुबिली इंटर-स्कूल फुटसल चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन किया। नॉकआउट प्रारूप में आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में जॉनसन हायर सेकेंडरी बनाम लिटिल वर्ल्ड, सेंट अलॉयसियस सदर बनाम कैंटोनमेंट, सेंट ऑगस्टीन बनाम सेंट ज़ेवियर्स गुप्तेश्वर, सनातन धर्म बनाम सेंट थॉमस सदर, रायन इंटरनेशनल बनाम सेंट ज़ेवियर्स शांतिनगर, ज्ञानोदय बनाम महर्षि विद्या मंदिर और आर.एस. बेला सिंह बनाम ग्रीन वैली स्कूल के बीच मुकाबले हुए। क्वार्टर फाइनल में लिटिल वर्ल्ड बनाम सेंट अलॉयसियस सदर, सेंट ज़ेवियर्स गुप्तेश्वर बनाम सेंट थॉमस सदर, सेंट अलॉयसियस पोलीपाथर बनाम सेंट ज़ेवियर्स शांतिनगर और महर्षि विद्या मंदिर बनाम ग्रीन वैली स्कूल के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसके बाद सेंट अलॉयसियस सदर, सेंट ज़ेवियर्स गुप्तेश्वर, महर्षि विद्या मंदिर तथा सेंट अलॉयसियस पोलीपाथर ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह चैंपियनशिप रायन ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रायन पिंटो और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुरूप जमीनी स्तर पर फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

खेल से होता व्यक्तित्व का विकास

प्रशिक्षित रेफरी एवं समुचित चिकित्सा व्यवस्था की उपस्थिति में सुरक्षित व निष्पक्ष खेल वातावरण के साथ टूर्नामेंट का संचालन किया गया। उद्घाटन अवसर पर पादरी पी. बी. लाल, पादरी डॉ. अर्नेस्ट सिंह, विक्रम पुरस्कार प्राप्त सुनीता पांच, मध्य प्रदेश हॉकी सचिव लोक बहादुर सिंह, जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, ऐश्वर्य शर्मा और अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर हसन अली खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है, जो उत्कृष्टता, एकता और खेल भावना का उत्सव है। इस गौरवशाली प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं भव्य फाइनल मुकाबलों का आयोजन आज किया जाएगा।

नीट पेपर लीक पर फूटा गुस्सा, शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

नवभारत, जबलपुर। देश में लगातार सामने आ रहे प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकार में डूब गया है, जिसके विरोध में संयुक्त संघर्ष समिति ने आज मालवीय चौक पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस सभा में एकत्रित हुए नागरिकों, छात्र-युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत विद्यार्थियों को याद किया। वक्ताओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि बार-बार होने वाले इन घोटालों से ईमानदार छात्रों का व्यवस्था पर से भरोसा उठ रहा है। समिति ने इस पूरे प्रकरण की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके साथ ही, दिल्ली में शिक्षा सुधार को लेकर 18 दिनों से आंदोलनरत समाजसेवी सोनम वांगचुक के आंदोलन को भी पूर्ण समर्थन दिया गया।

व्यवस्था सुधार के लिए संघर्ष का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों के भविष्य और परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता के लिए अपना संघर्ष निरंतर जारी रखने का दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर सुबोध रिछारिया, रामरतन यादव, रजनीश दुबे, घनश्याम यादव, हिमांशु बिंद्रा, अशोक यादव, अनुराग सिंह, नरेश चक्रवर्ती, सुधीर शर्मा, अतुल लोधी और मुन्ना सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

लंबित कार्य जल्द ही पूरे किए जाएं : कलेक्टर

▶ शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत,जबलपुर । कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के

निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। गुरुवार को शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने कहा कि जिन विद्यालयों में अपार आईडी, नामांकन, यूडाईस, मैपिंग एवं अन्य ऑनलाइन पोर्टलों पर कार्य लंबित हैं, वहां सभी कार्य जल्द ही पूरे किए जाएं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे मौजूद थे। बैठक में डीपीसी योगेश शर्मा सहित शिक्षा विभाग के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी, पीएमश्री एवं सांदीपनी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

पदोन्नति और समयमान वेतनमान के लिए सीएमएचओ को ज्ञापन

नवभारत, जबलपुर। मप्र राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपकर उनके शीघ्र निराकरण की मांग की है। संघ ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एएनएम और एमपीडब्ल्यू की वरिष्ठता सूची में तत्काल सुधार करने का आग्रह किया है, ताकि सूची से मृत एवं सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों के नाम अलग कर संशोधित सूची प्रकाशित की जा सके और पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो सके। इसके साथ ही लगभग 2 हजार कर्मचारियों को शासन द्वारा मिलने वाले वरिष्ठ वेतनमान के लिए गठित कमेटी की बैठक महीने में एक बार निश्चित दिन और समय पर बुलाने की बात कही गई है, जिसमें कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाए। विक्टोरिया अस्पताल के लगातार हो रहे विस्तार को देखते हुए 500 बिस्तरों के इस अस्पताल में मरीजों और परिजनों के लिए शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इंडियन कॉफी हाउस खोलने की मांग भी उठाई गई है।

In The Court Of XIII Civil Judge Class-II District Court, Jabalpur

Presiding Officer: सुश्री सोनाली बंसल

(आदेश 5 निगम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCSA/0000315/2026)

पुष्पा मरावी _____वादी

Vs

आम जनता _____प्रतिवादी

Process Id-211/2026

प्रेषिती- **पेशी दिनांक :- 20/07/2026**

(1) आम जनता पता- जबलपुर (म.प्र.)।

यह कि प्रार्थी **पुष्पा मरावी** ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए भारतीय साक्षरता अधिनियम 2023 की धारा 111 के तहत घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है. जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें। आज दिनांक **24 JUNE 2026** मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

——— न्यायाधीश ———

(सुश्री सोनाली बंसल)

13 वें व्यवहार न्यायाधीश

वरिष्ठ खंड, जबलपुर (म.प्र.)

पश्चिम मध्य रेल

विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर,

ई–निविदा सूचना, एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2026–08, दिनांक:10.07.2026

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए । **कार्य का नाम** : जबलपुर डिवीजन के बीना–कटनी सेक्शन के बीच ऑटो–ट्रांसफॉर्मर को अलग करने की व्यवस्था (फेज–2), **कार्य स्थल** : जबलपुर मण्डल, **कार्य की अवधि**: 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)**: रुपये 8,93,32,220.30/– (रुपये आठ करोड़ तिरानवे लाख बत्तीस हजार दो सौ बीस एवं तीस पैसे मात्र), **बयाना राशि**: रूपये–17,86,700.00/–, **निविदा जमा करने /खुलने की अंतिम तिथि एवं समय** : 03.08.2026, 15:00 बजे/03.08.2026, 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट**: https/www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा। (हस्ता.)

वरि.मं.वि.इंजी./क.वि., पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रं./उ.वि./2026-27/PRO-392 दिनांक : 16/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_521392_1	ग्वारीघाट वार्ड अंतर्गत आदित्य कालोनी पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य।	03 Month 13,04,882=00	9,800=00 2,000=00	19/08/2026
2	2026_UAD_521392_2	शहीद गुलाब सिंह वार्ड क्र.18 अंतर्गत सैनिक सौसाइटी रहवासी कल्याण संघ शक्ति नगर पार्क-1 एवं 2 का सौंदर्यीकरण कार्य।	03 Month 16,44,864=00	12,350=00 2,000=00	19/08/2026
3	2026_UAD_521392_3	सं.क्र. बनारसी दास भानोट वार्ड क्र. 13 अंतर्गत हवाबाग चर्च के पीछे पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य।	03 Month 23,73,706=00	17,810=00 5,000=00	19/08/2026

नोटः– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उद्यान अधिकारी
नगर पालिक निगम जबलपुर

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056

E-mail ID : eeemdv2bargidam@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन

निम्न कार्य की ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम प्रोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

निविदा क्र.	ई. निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित राशि (रू.में)	धरोहर राशि (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
22/तक. 2026-27 दिनांक 06/07/2026 (प्रथम आमंत्रण)	2026-NVDA-520890_1	बरगी नगर के पम्प हाउस नंबर 1 के जल प्रदाय व्यवस्था में लगी 75 एच.पी.कि लो"स्क र डी.एस.एम. मोटर पंप का सुधार कार्य एवं प्रतिस्थापन का कार्य।	66,600.00 रूपये (छयासठ हजार छः सौ) मात्र	1332.00 रू.(एक हजार तीन सौ बत्तीस) मात्र	1000.00 रू. (एक हजार)मात्र	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. वि./यां. श्रेणी में पंजीकृत	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)
23/तक. 2026-27 दिनांक 06/07/2026 (प्रथम आमंत्रण)	2026-NVDA-520894_1	रा.अ.बा.लो.सा. परि. के बरगी बांध में वि./यां. कन्ट्रोल रूम के समीप प्रो-फाईल शीट के द्वारा एक रूम बनाये जाने का कार्य।	1,37,853.00 रूपये (एक लाख सैंतीस हजार आठ सौ त्रेपन) मात्र	2757.00 रू.(दो हजार सात सौ सत्तावन) मात्र	1000.00 रू. (एक हजार)मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत।	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)
24/तक. 2026-27 दिनांक 06/07/2026 (प्रथम आमंत्रण)	2026-NVDA-520896_1	बरगी हिल्स कॉलोनी के अंतर्गत जल प्रदाय व्यवस्था में लगी 6" डाया सी.आई. पाईप लाईन जैन मंदिर के सामने मेन रोड पर सुधार का कार्य।	73,936.00 रूपये (तेहत्तर हजार नौ सौ छत्तीस) मात्र	1479.00 रू.(एक हजार चार सौ उन्यासी) मात्र	1000.00 रू. (एक हजार)मात्र	केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी.वि. /यां. श्रेणी में पंजीकृत	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)
			कुल योग रू.	2,78,389.00			

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 04/08/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 2. प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिमः 04/08/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 3.निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 06/08/2026, 10:30 से 06/08/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 4. प्राइज बीड खुलने की तिथि : 06/08/2026,10:31 से 06/08/2026 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 5.निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। 6.निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर)
कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर जबलपुर(म.प्र.)

जी-15741/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती (कार्य) मंडल रेल प्रबंधक (समन्वय) निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता है। निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–119–2026 दिनांक– 07.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत दो विविध कार्य– पार्ट 1. सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उप मंडल के तहत पिपरिया में आर.पी.एफ. बैरक का अपग्रेडेशन/मॉडिफिकेशन का कार्य। पार्ट 2. सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप मंडल के तहत सहायक मंडल अभियंता कार्यालय का निर्माण कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,69,18,719/–, बयाना राशिः 3,38,400/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–120–2026 दिनांक– 07.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (दक्षिण) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार (दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार) निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति (निर्धारित वर्दी में) की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,28,75.512/–, बयाना राशिः 2,57,500/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–121–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल इंजीनियर, दमोह उप–मंडल के अंतर्गत असलाना में प्लेटफार्म नंबर 2 डाउन साइड को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफार्म का निर्माण। (कार्य का हिस्साः– असलाना, बांदकपुर और घटेरा स्टेशनों पर 7 प्लेटफार्म को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफार्म में उन्नतम करना) कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 3,65,56,849/–, बयाना राशिः 731100/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–122–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल इंजीनियर, दमोह सबडिविजन के अंतर्गत बांदकपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 की रेल स्तर/निम्न स्तार से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण। (कार्य का हिस्साः असलाना, बांदकपुर और घटेरा स्टेशनों पर 7 प्लेटफॉर्म को रेल स्तर/निम्न स्तर से उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में उन्नत करना), कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 5,68,27,750/–, बयाना राशिः 113660/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–123–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः जबलपुर मंडल में पश्चिम, स्थितो एवं एस.ई.जे.एस आदि का पुनसाधारण रीकंडीशनिंग कार्य, कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 58,47,866/–, बयाना राशिः 1,17,000/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–124–2026 दिनांक– 08.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता पिपरिया के अधीन 02 विविध कार्यः– 1. Limited height subway संख्या 243, 237 एवं 256 पर जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था करना। 2. Limited height subway संख्या 248 पर शेड की व्यवस्था करना तथा Limited height subway संख्या 255 पर सड़क, शेड एवं जल निकासी (ड्रेनेज) की व्यवस्था करना।, कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 2,31,15,710/–, बयाना राशिः 4,62,300/–, समापन अवधिः 10 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00 बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15. बजे– 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–125–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर पूर्ण जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलगेन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार या प्रभरी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकता, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपयुक्त मानवशक्ति निर्धारित वर्दी में की आपूर्ति। कार्य का अनुमानित मूल्यः रूपये 1,23,60,492/–, बयाना राशिः 2,47,200/–, समापन अवधिः 12 माह, निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय15:00बजेः 04.08.2026, निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15.बजे – 04.08.2026, निविदा सूचना क्रमांकः डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–126–2026 दिनांक– 09.07.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल इंजीनियर मध्य जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलगाड़ियों के सुरक्षित और संतोषजनक संचालन के लिए रेलवे के पेट्रोलमैन की सहायता के लिए आईआरपीडब्ल्यूएम/एलडब्ल्यूआर मैनुअल के अनुसार प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार दिन/रात के समय, आवश्यकतानुसार निर्धारित मानक के अनुसार ट्रैक के दैनिक निरीक्षण और पेट्रोलिंग के लिए उपर्युक्त मानवशक्